**Series SMA/2**

कोड नं. **67/2/1**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

*(ii) भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii) परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*

*(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

**General Instructions :**

*(i) This question paper contains three parts A, B and C.*

*(ii) Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii) Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

*(iv) All parts of the questions should be attempted at one place.*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART A

## (Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

**1.** 'आय की प्रकृति' के आधार पर 'चन्दे' तथा 'विशिष्ट-दान' में अन्तर बताइए । *1*

Distinguish between 'Subscriptions' and 'Specific Donations' from the point of view of 'Nature of Income'.

**2.** यदि एक कलेण्डर वर्ष में प्रत्येक माह के 15वें दिन एक निश्चित राशि का आहरण होता है, तो आहरण की कुल राशि पर ब्याज के परिकलन हेतु क्या अवधि होगी ? *1*

If a fixed amount is withdrawn on $15^{th}$ day of every month of a calendar year, for what period will the interest on total amount withdrawn be calculated ?

**3.** एक नए साझेदार द्वारा अपने प्रवेश के समय ख्याति के लिए अंशदान भुगतान के कीरण का उल्लेख कीजिए । *1*

State the reason of contributing for goodwill by a new partner at the time of his admission.

4. साझेदारी तथा साझेदारी फर्म के विघटन में अन्तर का कोई एक बिन्दु दीजिए । *1*

Give any one point of distinction between dissolution of partnership and dissolution of partnership firm.

5. 'अधि-अभिदान' का क्या अर्थ होता है ? *1*

What is meant by 'Over-Subscription' ?

6. निम्नलिखित सूचना से 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए चन्दे की राशि की गणना कीजिए :

वर्ष में प्राप्त चन्दा : ₹ 2,85,000.

31.3.2011 को अदत्त चन्दा : ₹ 9,000.

31.3.2011 को अग्रिम प्राप्त चन्दा : ₹ 7,000.

1.4.2010 को अदत्त चन्दा : ₹ 12,000.

1.4.2010 को अग्रिम प्राप्त चन्दा : ₹ 8,000 *3*

Calculate the amount of subscriptions for the year ended 31.3.2011 from the following information :

Subscriptions received during the year : ₹ 2,85,000.

Subscriptions outstanding as on 31.3.2011 : ₹ 9,000.

Subscriptions received in advance as on 31.3.2011 : ₹ 7,000.

Subscriptions outstanding as on 1.4.2010 : ₹ 12,000.

Subscriptions received in advance as on 1.4.2010 : ₹ 8,000.

7. एक्स लि. ने वाई लि. से ₹ 5,00,000 की मशीनरी का क्रय किया । देय राशि का 50% भुगतान वाई. लि. द्वारा लिखे गए एक विनिमय पत्र को स्वीकार करके किया गया जो तीन माह पश्चात् देय था । शेष राशि का भुगतान ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों, जिन्हें 25% के अधिलाभ पर निर्गमित किया गया था, के द्वारा किया गया ।
उपरोक्त लेनदेनों के लिए एक्स. लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

X Ltd. purchased machinery for ₹ 5,00,000 from Y Ltd. Half of the amount was paid by accepting a Bill of Exchange drawn by Y Ltd. payable after three months. The balance was paid by issue of Equity Shares of ₹ 10 each at a premium of 25%.
Pass necessary Journal Entries in the books of X Ltd. for these transactions.

8. विजय लक्ष्मी लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 12% ऋणपत्रों, जिन्हें ₹ 70 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित करना था, के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । पूर्ण राशि का भुगतान आवेदन पर करना था ।

13,500 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 3,500 ऋणपत्रों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया ।

विजय लक्ष्मी लि. की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Vijay Laxmi Ltd. invited applications for issuing 10,000, 12% Debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 70 per Debenture. The full amount was payable on application.

Applications were received for 13,500 Debentures. Applications for 3,500 Debentures were rejected and application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applications.

Pass necessary Journal Entries in the books of Vijay Laxmi Ltd. for the above transactions.

9. सुरेश तथा रमेश एक फर्म में साझेदार थे जो 5 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2010 को उनकी स्थायी पूँजी निम्न प्रकार थी : सुरेश ₹ 80,000 तथा रमेश ₹ 1,00,000. उन्होंने पूँजी पर 12% प्रति वर्ष की दर से तथा आहरण पर 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लगाने का निर्णय किया । 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उपरोक्त सभी समायोजनों से पूर्व फर्म का लाभ ₹ 14,040 था । वर्ष के दौरान सुरेश तथा रमेश के आहरण क्रमशः ₹ 6,000 तथा ₹ 10,000 थे । अपनी गणनाओं को स्पष्ट दर्शाते हुए सुरेश तथा रमेश का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । फर्म में हानि होने की दशा में भी पूँजी पर ब्याज दिया जाएगा । *4*

Suresh and Ramesh were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3. Their fixed capitals on 1.4.2010 were : Suresh ₹ 80,000 and Ramesh ₹ 1,00,000. They agreed to allow interest on capital @ 12% per annum and to charge on drawings @ 15% per annum. The firm earned a profit, before all above adjustments, of ₹ 14,040 for the year ended 31.3.2011. The drawings of Suresh and Ramesh during the year were ₹ 6,000 and ₹ 10,000 respectively. Showing your calculations clearly, prepare Profit and Loss Appropriation Account of Suresh and Ramesh. The interest on capital will be allowed even if the firm incurs a loss.

10. राम, लक्ष्मण और भरत साझेदार हैं जो लाभों को 3 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करते हैं । पुस्तकों में ख्याति का मूल्य ₹ 1,80,000 दिया हुआ है । लक्ष्मण अवकाश ग्रहण करता है, तथा उसके अवकाश ग्रहण करते समय ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,52,000 पर किया गया है । राम तथा भरत भविष्य में लाभों को 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लेते हैं । लक्ष्मण के अवकाश प्राप्त करने के बाद पहले वर्ष का लाभ ₹ 1,20,000 हुआ । ख्याति के लेखांकन तथा लाभों के वितरण के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपनी गणनाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । *4*

Ram, Laxman and Bharat are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Goodwill is appearing in the books at a value of ₹ 1,80,000. Laxman retires and at the time of his retirement, goodwill is valued at ₹ 2,52,000. Ram and Bharat decided to share future profits in the ratio of 2 : 1. The profits for the first year after Laxman's retirement amount to ₹ 1,20,000. Give the necessary Journal Entries to record goodwill and to distribute the profits. Show your calculations clearly.

11. अजंता लि. ने ₹ 1,00,000 के 12% ऋणपत्रों के शोधन का निर्णय लिया । उसने ₹ 60,000 के ऋणपत्रों का खुले बाज़ार से ₹ 95 प्रति ऋणपत्र की दर से क्रय किया । प्रत्येक ऋणपत्र का सम मूल्य ₹ 100 था । शेष ₹ 40,000 के ऋणपत्रों का शोधन लाभ में से किया गया । कम्पनी ने ऋणपत्र शोधन कोष का आयोजन अपनी पुस्तकों में पूर्ववत ही किया हुआ है ।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*

Ajanta Ltd. decided to redeem ₹ 1,00,000, 12% Debentures. It purchased ₹ 60,000 Debentures from the open market at ₹ 95 per Debenture. The face value of each Debenture was ₹ 100. The balance of ₹ 40,000 Debentures were redeemed out of profits. The company has already made a provision for Debenture Redemption Reserve in its books.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company for the redemption of Debentures.

12. निम्नलिखित लेनदेनों के लिए फेयरडील्स लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 9,500, 10% ऋणपत्रों का शोधन इन्हें ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया गया । समता अंशों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया गया ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 440, 10% ऋणपत्रों का शोधन ₹ 50 प्रत्येक के नए 12% ऋणपत्रों में परिवर्तित करके किया गया । नए ऋणपत्रों को 10% अधिलाभ पर निर्गमित किया गया । *6*

Pass necessary Journal Entries for the following transactions in the books of Fairdeals Ltd :

(i) Redeemed 9,500, 10% Debentures of ₹ 100 each by converting the same into Equity Shares of ₹ 100 each. The Equity Shares were issued at a discount of 5%.

(ii) Converted 440, 10% Debentures of ₹ 100 each into new 12% Debentures of ₹ 50 each. The new Debentures were issued at a premium of 10%.

13. पी. तथा क्यू. एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2011 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31.3.2011 को पी. तथा क्यू. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | ख्याति | 80,000 |
| पी. : ₹ 80,000 | | भूमि एवं भवन | 80,000 |
| क्यू. : ₹ 70,000 | 1,50,000 | स्टॉक | 60,000 |
| लेनदार | 50,000 | देनदार | 40,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | 80,000 | बैंक | 20,000 |
| | 2,80,000 | | 2,80,000 |

1.4.2011 को फर्म का विघटन हो गया तथा सम्पत्तियों एवं देयताओं का निस्तारण निम्नानुसार हुआ :

(i) लेनदारों ने भूमि एवं भवन को अपने पूर्ण भुगतान रूप में ले लिया ।

(ii) क्यू. ने स्टॉक को ₹ 50,000 में नकद क्रय किया ।

(iii) प्रमाणित डूबे ऋण ₹ 5,000 थे ।

(iv) ख्याति से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ ।

(v) कर्मचारी क्षतिपूर्ति दावा ₹ 80,000 था ।

फर्म के समापन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

P and Q were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 31.3.2011 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of P and Q as on 31.3.2011**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Goodwill | 80,000 |
| P : ₹ 80,000 | | Land and Building | 80,000 |
| Q : ₹ 70,000 | 1,50,000 | Stock | 60,000 |
| Creditors | 50,000 | Debtors | 40,000 |
| Workmen Compensation Fund | 80,000 | Bank | 20,000 |
| | 2,80,000 | | 2,80,000 |

The firm was dissolved on 1.4.2011 and the Assets and Liabilities were settled as follows :

(i) Creditors agreed to take over Land & Building at a valuation of their full claim.

(ii) Stock was taken over by Q at ₹ 50,000 for cash.

(iii) Bad debts proved ₹ 5,000.

(iv) Goodwill was found valueless.

(v) Workmen compensation claim was ₹ 80,000.

Pass necessary Journal Entries for dissolution of the firm.

**14.** 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शिवालिक क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्नलिखित है :

**31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

नाम | जमा

| प्राप्तियाँ | राशि ₹ | भुगतान | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | 9,700 | वेतन (केवल 8 महीने का भुगतान) | 12,000 |
| चन्दा | 23,700 | किराया | 5,600 |
| प्रवेश शुल्क | 12,300 | बिजली (अगले वर्ष के लिए ₹ 400 सम्मिलित) | 4,400 |
| दान | 8,300 | प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी | 900 |
| हॉल का किराया (₹ 900 वास्ते वर्ष 2011 – 12) | 2,900 | पुस्तकें | 41,000 |
| निवेशों का विक्रय (पुस्तक मूल्य ₹ 16,000) | 15,400 | 9% स्थायी जमा (31.10.2010 को) | 4,000 |
| | | शेष आगे ले गये | 4,400 |
| | 72,300 | | 72,300 |

उपरोक्त प्राप्ति तथा भुगतान खाते की सहायता से आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए । *6*

Following is the Receipts and Payments Account of Shivalik Club for the year ended 31.3.2011 :

**Receipts and Payments Account for the year ended 31.3.2011**

Dr. | Cr.

| Receipts | Amount ₹ | Payments | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 9,700 | By Salaries (paid for 8 months only) | 12,000 |
| To Subscriptions | 23,700 | By Rent | 5,600 |
| To Entrance Fees | 12,300 | By Electricity (includes ₹ 400 for next year) | 4,400 |
| To Donations | 8,300 | By Printing and Stationery | 900 |
| To Hall Rent (₹ 900 for the year 2011 – 12) | 2,900 | By Books | 41,000 |
| To Sale of Investments (Book value ₹ 16,000) | 15,400 | By 9% Fixed Deposit (on 31.10.2010) | 4,000 |
| | | By Balance c/d | 4,400 |
| | 72,300 | | 72,300 |

Prepare Income and Expenditure Account from the above Receipts and Payments Account.

**15.** एक्स. तथा वाई. एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च 2011 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31.3.2011 को एक्स. तथा वाई. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | 250 | रोकड़ | 18,250 |
| विविध लेनदार | 59,000 | देनदार | 15,000 |
| पूँजी खाते : | | स्टॉक | 32,000 |
| एक्स. : ₹ 27,000 | | भूमि एवं भवन | 30,000 |
| वाई. : ₹ 18,000 | 45,000 | लाभ-हानि खाता | 9,000 |
| | 1,04,250 | | 1,04,250 |

1 अप्रैल 2011 को निम्नलिखित शर्तों पर ज़ैड. को साझेदार बनाया गया :

(क) वह $\frac{1}{4}$ भाग के लिए ₹ 15,000 पूँजी लाएगा तथा ख्याति के लिए ₹ 6,000 का भुगतान करेगा, जिसका आधा भाग एक्स. तथा वाई. निकाल लेंगे ।

(ख) फर्म के विरुद्ध हर्जाने के एक दावे की संभावना है, इसके लिए ₹ 1,500 का प्रावधान करना है ।

(ग) बिजली व्यय के ₹ 1,300 के एक बिल का लेखा नहीं किया गया, इसके लिए अभी प्रावधान करना है ।

(घ) संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों के 5% के बराबर प्रावधान करना है ।

(ङ) विभिन्न लेनदारों में सम्मिलित ₹ 1,200 की एक मद का भुगतान नहीं करना होगा, अतः इसको अपलिखित करना है ।

उपरोक्त समायोजनों के पश्चात् ज़ैड. की पूँजी के आधार पर एक्स. तथा वाई. की पूँजी का समायोजन स्थिति अनुसार रोकड़ लाकर अथवा रोकड़ का भुगतान करके करना है ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

**अथवा**

आर., एम. तथा एल. एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 20 फरवरी 2011 को साझेदार आर. का देहान्त हो गया । उस तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | मशीनरी | 41,000 |
| आर. : ₹ 12,000 | | फर्नीचर | 6,000 |
| एम. : ₹ 16,000 | | स्टॉक | 9,000 |
| एल. : ₹ 10,000 | 38,000 | देनदार | 15,000 |
| आर. से ऋण | 7,000 | रोकड़ | 3,000 |
| सामान्य संचय | 20,000 | लाभ-हानि खाता | 10,000 |
| लेनदार | 19,000 | | |
| | 84,000 | | 84,000 |

साझेदारी संलेख के अनुसार, साझेदार की मृत्यु पर उसका उत्तराधिकारी निम्नलिखित के लिए हकदार होगा :

(i) पूँजी खाते का शेष;

(ii) सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देनदारियों के पुनः निर्धारण में मृतक साझेदार के लाभ/हानि का अंश जो निम्नानुसार है :

(क) मशीनरी को ₹ 45,000 तथा फर्नीचर को ₹ 7,000 पर पुनः मूल्यांकित किया गया ।

(ख) संदिग्ध ऋणों के लिए 10% का प्रावधान करना था ।

(iii) आर. को देय शुद्ध राशि का स्थानान्तरण उसके निष्पादक के ऋण खाते में कर दिया गया जिसका भुगतान बाद में करना है ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, आर. के उत्तराधिकारी का खाता तथा एल. तथा एम. का स्थिति विवरण तैयार कीजिए जबकि उन्होंने अपने पूँजी खातों को नए लाभ अनुपात में रखते हुए व्यवसाय को चालू रखने का निर्णय लिया है । किसी भी आधिक्य या कमी को साझेदारों के चालू खातों में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा । 8

X and Y were partners sharing profits in the ratio of 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March 2011 was as follows :

**Balance Sheet of X and Y as on 31.3.2011**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Provision for bad debts | 250 | Cash | 18,250 |
| Sundry Creditors | 59,000 | Debtors | 15,000 |
| Capital Accounts : | | Stock | 32,000 |
| X : ₹ 27,000 | | Land and Building | 30,000 |
| Y : ₹ 18,000 | 45,000 | Profit and Loss Account | 9,000 |
| | 1,04,250 | | 1,04,250 |

Z was admitted to the partnership with effect from 1st April 2011 on the following terms :

(a) He will bring ₹ 15,000 as his capital for one-fourth share and pay ₹ 6,000 for goodwill, half of which was to be withdrawn by X and Y.

(b) There is likely to be a claim against the firm for damages, a provision of ₹ 1,500 was to be made for the same.

(c) A bill for ₹ 1,300 for electric charges has been omitted, now it is to be provided for.

(d) A provision of 5% on Debtors was to be created for doubtful debts.

(e) Included in Sundry Creditors was an item of ₹ 1,200 which was not to be paid and therefore had to be written back.

After making the above adjustments, the capitals accounts of X and Y were to be adjusted on the basis of Z's capital. Actual cash was to be brought in or to be paid off as the case may be.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the partners and the Balance Sheet of the new firm.

**OR**

R, M and L were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Partner R died on 20th February 2011. The Balance Sheet of the firm on that date was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Machinery | 41,000 |
| R : ₹ 12,000 | | Furniture | 6,000 |
| M : ₹ 16,000 | | Stock | 9,000 |
| L : ₹ 10,000 | 38,000 | Debtors | 15,000 |
| Loan from R | 7,000 | Cash | 3,000 |
| General Reserve | 20,000 | Profit and Loss Account | 10,000 |
| Creditors | 19,000 | | |
| | 84,000 | | 84,000 |

According to the Partnership Deed, on the death of a partner, the executor of the deceased partner will be entitled to :

(i) Balance in Capital Account;

(ii) His share in profit/loss on revaluation of assets and reassessment of liabilities which were as follows :

(a) Machinery is revalued at ₹ 45,000 and furniture at ₹ 7,000.

(b) A provision of 10% was to be created for doubtful debts.

(iii) The net amount payable to R was transferred to his executor loan account which was to be paid later.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts, R's Executor's A/c and the Balance Sheet of L and M who decided to continue the business keeping their capital balances in their new profit sharing ratio. Any surplus or deficit was to be transferred to current accounts of the partners.

**16.** गुप्ता लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 30,000 समता अंशों को ₹ 30 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 10 प्रति अंश (₹ 8 प्रीमियम सहित)

आबंटन पर ₹ 12 प्रति अंश (₹ 9 प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर — शेष

27,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा सभी प्राप्त हो गईं सिवाय शिवा के 3,000 अंशों को छोड़कर, जिसने आबंटन राशि तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया, तथा गिरधर जिसने अपने 2,000 अंशों पर प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । शिवा तथा गिरधर के अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों में से 4,000 अंशों, जिनमें गिरधर के सभी अंश सम्मिलित थे, को ₹ 17 प्रति अंश में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए गुप्ता लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**अथवा**

फिरदोस लि. ने 10% के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए ₹ 10 प्रत्येक के 70,000 अंशों के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 4 प्रति अंश

आबंटन पर ₹ 3 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर — शेष

80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 5,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । जोनी, जिसने 1,500 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । आबंटन के तुरन्त पश्चात्, उसके अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । उसके पश्चात् प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि माँगी गई । रोमी को आबंटित 700 अंशों पर प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि प्राप्त नहीं हुई । उसके अंशों को भी ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए 1,500 अंशों को ₹ 13 प्रति अंश में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । पुनः निर्गमित किए गए अंशों में जोनी के सभी अंश सम्मिलित थे ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए फिरदोस लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

Gupta Ltd. invited applications for issuing 30,000 Equity Shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 30 per share. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 10 per share (including ₹ 8 premium)

On Allotment ₹ 12 per share (including ₹ 9 premium)

On First and Final call — Balance

Applications for 27,000 shares were received. All the calls were made and were duly received except on 3,000 shares held by Shiva who failed to pay the Allotment and First and Final call money and on 2,000 shares of Girdhar who did not pay the First and Final call. Shares of Shiva and Girdhar were forfeited. Out of the forfeited shares, 4,000 shares were re-issued, including all the shares of Girdhar at ₹ 17 per share fully paid up.

Pass necessary Journal Entries in the books of Gupta Ltd. for the above transactions.

**OR**

Firdos Ltd. invited applications for issuing 70,000 shares of ₹ 10 each at a discount of 10%. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 4 per share

On Allotment ₹ 3 per share

On First and Final call — Balance

Applications for 80,000 shares were received. Applications for 5,000 shares were rejected and the shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with applications was utilized towards sums due on allotment. Jonney, who had applied for 1,500 shares, failed to pay the Allotment money. His shares were forfeited immediately after allotment. Afterwards the First and Final call was made. First and Final call was not received on 700 shares held by Rommy. Her shares were also forfeited. 1,500 forfeited shares were re-issued at ₹ 13 per share fully paid up. The re-issued shares included all the shares of Jonney.

Pass the necessary Journal Entries in the books of Firdos Ltd. for the above transactions.

## भाग ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)
## PART B
## (Financial Statements Analysis)

17. 'लेनदारों' के लिए वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । *1*

State the significance of analysis of financial statements to the 'creditors'.

18. रोकड़ प्रवाह विवरण क्यों तैयार जाता है, उल्लेख कीजिए । *1*

State why a cash flow statement is prepared.

19. रोकड़ तुल्यमान का क्या आशय होता है ? *1*

What is meant by Cash Equivalents ?

20. ज़ैड लि. का चालू अनुपात 3·5 : 1 तथा तरलता अनुपात 1·5 : 1 है । यदि स्टॉक द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली चालू सम्पत्तियाँ तरल सम्पत्तियों से ₹ 60,000 अधिक हैं, तो चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की गणना कीजिए । *3*

Z Ltd. has a current ratio of 3·5 : 1 and quick ratio of 1·5 : 1. If the excess of current assets over quick assets as represented by stock is ₹ 60,000, calculate current assets and current liabilities.

21. निम्नलिखित सूचना से निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** अनुपातों की गणना कीजिए :

(क) ऋण-समता अनुपात;

(ख) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात;

(ग) निवेश पर प्रत्याय ।

*सूचना :*

समता अंश पूँजी ₹ 5,50,000; सामान्य संचय ₹ 50,000; लाभ-हानि खाता कर तथा ब्याज भुगतान के बाद ₹ 1,50,000; 9% ऋणपत्र ₹ 2,00,000; लेनदार ₹ 1,00,000; भूमि तथा भवन ₹ 6,50,000; उपस्कर ₹ 1,50,000; देनदार ₹ 1,45,000; रोकड़ ₹ 55,000 तथा प्रारम्भिक व्यय ₹ 50,000.

31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विक्रय ₹ 15,00,000 था तथा 50% कर का भुगतान किया गया था । *4*

From the following information, calculate any ***two*** of the following ratios :

(a) Debt-Equity Ratio;

(b) Working Capital Turnover Ratio;

(c) Return on Investment.

*Information :*

Equity Share Capital ₹ 5,50,000; General Reserve ₹ 50,000; Profit and Loss Account after Tax and Interest ₹ 1,50,000; 9% Debentures ₹ 2,00,000; Creditors ₹ 1,00,000; Land and Building ₹ 6,50,000; Equipments ₹ 1,50,000; Debtors ₹ 1,45,000; Cash ₹ 55,000 and Preliminary Expenses ₹ 50,000.

Sales for the year ended 31.3.2011 was ₹ 15,00,000 and Tax paid 50%.

**22.** निम्नलिखित आय विवरण से 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जगत लि. का एक सामान्य आकार का आय विवरण तैयार कीजिए :

**31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जगत लि. का आय विवरण**

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| आय : | |
| विक्रय | 30,00,000 |
| अन्य आय | 20,000 |
| कुल आय | 30,20,000 |
| व्यय : | |
| बेचे गये माल की लागत | 20,50,000 |
| प्रचालन व्यय | 40,000 |
| कुल व्यय | 20,90,000 |
| कर | 2,25,000 |

From the following Income Statement, prepare a Common Size Income Statement of Jagat Ltd. for the year ended 31.3.2011 :

**Income Statement of Jagat Ltd. for the year ended 31.3.2011**

| Particulars | Amount ₹ |
|---|---|
| Income : | |
| Sales | 30,00,000 |
| Other Incomes | 20,000 |
| Total Income | 30,20,000 |
| Expenses : | |
| Cost of goods sold | 20,50,000 |
| Operating Expenses | 40,000 |
| Total Expenses | 20,90,000 |
| Tax | 2,25,000 |

**23.** 31.3.2010 तथा 31.3.2011 को जे.आर. लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

**31.3.2010 तथा 31.3.2011 को जे.आर. लि. के स्थिति विवरण**

| देयताएँ | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 4,00,000 | 6,00,000 | एकस्व | 50,000 | 45,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,00,000 | 2,00,000 | भवन | 6,00,000 | 6,00,000 |
| बैंक ऋण | 2,00,000 | 1,00,000 | निवेश | — | 75,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 80,000 | 60,000 | देनदार | 2,00,000 | 2,55,000 |
| कर प्रावधान | 40,000 | 70,000 | स्टॉक | 10,000 | 15,000 |
| लेनदार | 60,000 | 45,000 | रोकड़ | 20,000 | 85,000 |
| | 8,80,000 | 10,75,000 | | 8,80,000 | 10,75,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

वर्ष में ₹ 75,000 के भवन का क्रय किया । भवन के विक्रय पर ₹ 5,000 की हानि हुई । भवन पर ₹ 12,000 का मूल्यह्रास लगाया गया । 6

From the following Balance Sheets of J.R. Ltd. as on 31.3.2010 and 31.3.2011, prepare a Cash Flow Statement :

**Balance Sheets of J.R. Ltd. as on 31.3.2010 and 31.3.2011**

| Liabilities | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ | Assets | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 4,00,000 | 6,00,000 | Patents | 50,000 | 45,000 |
| Profit and Loss Account | 1,00,000 | 2,00,000 | Building | 6,00,000 | 6,00,000 |
| Bank Loan | 2,00,000 | 1,00,000 | Investments | — | 75,000 |
| Proposed Dividend | 80,000 | 60,000 | Debtors | 2,00,000 | 2,55,000 |
| Provision for tax | 40,000 | 70,000 | Stock | 10,000 | 15,000 |
| Creditors | 60,000 | 45,000 | Cash | 20,000 | 85,000 |
| | 8,80,000 | 10,75,000 | | 8,80,000 | 10,75,000 |

*Additional Information :*

During the year Building costing ₹ 75,000 was purchased. Loss on Sale of Building was ₹ 5,000. Depreciation charged on Building was ₹ 12,000.

**भाग ग**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

## PART C

## (Computerised Accounting)

**17.** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन तंत्र के घटक क्या हैं ? *1*

What are the components of computerised accounting system ?

**18.** किसी खाते को आबंटित कोड के 'पाँचवें' से 'सातवें' अंक द्वारा किसका प्रतिनिधित्व होता है ? *1*

What is represented by 'fifth' to 'seventh' digit of the code allotted to an account ?

**19.** 'प्रसामान्यीकरण' का क्या उद्देश्य है ? *1*

What is the purpose of 'normalisation' ?

**20.** किसी कम्प्यूटरीकृत लेखांकन सॉफ्टवेयर की सुरक्षा विशेषताओं को समझाइए । *3*

Explain the security features of a computerised accounting software.

**21.** किन्हीं दो सामान्यतः उपलब्ध डी.बी.एम.एस. सॉफ्टवेयर के नाम बताइए । डी.बी.एम.एस. के किन्हीं तीन लाभों का भी वर्णन कीजिए । *4*

Give the name of two commonly available DBMS softwares. Also explain three advantages of DBMS.

**22.** एम एस-एक्सेस में यात्रा भत्ते की गणना करने के लिए क्वैरी के चरणों को लिखिए । *4*

Write the steps of a query to compute transport allowance in MS-Access.

**23.** (क) निम्नलिखित सूचना से महँगाई भत्ते की राशि की गणना करने के लिए एक्सेल पर फार्मूले की गणना कीजिए । ₹ 1,00,000 के मूल वेतन तक 10% की दर से, ₹ 1,00,000 से अधिक की राशि पर 20% की दर से । (मूल वेतन सी2 में प्रक्षेपित)

(ख) एक्सेल के उस वित्तीय कार्य (फंक्शन) का नाम बताते हुए समझाइए जो एक विनियोग के वर्तमान मूल्य के प्रत्याय को समझाता है । *6*

(a) From the following information, calculate the formula on Excel for computing the amount of Dearness Allowance. When basic pay is up to ₹ 1,00,000, @ 10%; for more than ₹ 1,00,000 @ 20% (Basic pay is projected in C2).

(b) Name and explain the financial function of Excel which explains returns of the present value of an investment.